केंद्रीय विद्यालय चिकोड़ी

KENDRIYA VIDYALAYA CHIKODI

Vidyalaya e-Patrika

Session 2021-22

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय चिकोड़ी

Kendriya Vidyalaya Chikodi

विद्यालय पत्रिका सत्र: 2021-22

प्रमुख संरक्षक

श्री सिरिमाला सांबन्ना

उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बैंगलुरु संभाग

संरक्षक

डॉ. एन. वसंत
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
बैंगलुरु संभाग

श्री एम.जी. हिरेमठ, भा.प्र.से.
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबन्ध समिति
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

श्री जी.ए.नरसिम्हम
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
बैंगलुरु संभाग

श्री युकेश कुमार , भा.प्र.से.
सहायक आयुक्त एवं
नामित अध्यक्ष, वि.प्र.स.
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

श्री पी.सी. राजू
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
बैंगलुरु संभाग

श्री डी.के. मिश्रा
प्राचार्य प्रभारी
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

OUR PATRONS

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SHRI SIRIMALA SAMBANNA
DEPUTY COMMISSIONER
KVS RO, BENGALURU

DR. N. VASANTH
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS RO, BENGALURU

SHRI G.A. NARASIMHAM
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS RO, BENGALURU

SHRI P.C. RAJU
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS RO, BENGALURU

उपायुक्त महोदय का सन्देश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

ಕೇಂದ್ರೀಯ ವಿದ್ಯಾಲಯ ಸಂಘಟನೆ (ಕ್ಷೇತ್ರೀಯ ಕಾರ್ಯಾಲಯ)
ಕೆ. ಕಾಮರಾಜ ರಸ್ತೆ, ಬೆಂಗಳೂರು-560 042
केंद्रीय विद्यालय संगठन (क्षेत्रीय कार्यालय)
के. कामराज मार्ग, बेंगलूरु - ५६००४२
Kendriya Vidyalaya Sangathan (Regional Office)
K. Kamraja Road, Bengaluru - 560042
(An Autonomous Body Under MOE , Government of India)
080-25543757 (DC)/ 080-25566360/ 25301227 (AC/AO)
Fax: 080-25578487/25514054
Website: www.robangalore.kvs.gov.in
Email: dcrobangalore@kvsedu.org/dcrobangalore@gmail.com

F.110353/KVS/RO/BGR/2021-22/ **दिनांक: 22.07.2021**

संदेश

यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि **केन्द्रीय विद्यालय, चिक्कोड़ी,** सत्र 2021-22 के लिए विद्यालय **ई-पत्रिका एवं राजभाषा ई-पत्रिका** प्रकाशित करने जा रहा है।

विद्यालय **ई-पत्रिका एवं राजभाषा ई-पत्रिका** विद्यार्थियों में साहित्यिक, कलात्मक और पत्रकारीय क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। यह उनमें विचार अभिव्यक्ति कौशल और रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करता है। यह विद्यालय के शिक्षण और शिक्षणेत्तर सहगामी क्रियाकलापों के गुणात्मक अभिवृद्धि का भी परिचायक होता है।

मैं विद्यालय **ई-पत्रिका एवं राजभाषा ई-पत्रिका** के सफलता और सार्थकता हेतु बधाई शुभकमानाएं देता हूँ और विद्यालय के प्राचार्य, समस्त कर्मचारी गण और विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करता हूँ, एवं अभिभावकों को भी हमारी ओर से बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाये प्रदान करता हूँ।

धन्यवाद ,

जय हिंद

(सिरिमाला साबन्ना)
उपायुक्त
केविसं बेंगलरु

अध्यक्ष महोदय (के.वि. चिकोड़ी) का सन्देश

ಎಂ.ಜಿ.ಹಿರೇಮಠ ಭಾ.ಆ.ಸೇ.
M.G.HIREMATH I.A.S.

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿ ಹಾಗೂ ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿ
ಬೆಳಗಾವಿ ಜಿಲ್ಲೆ, ಬೆಳಗಾವಿ-590001
Deputy Commissioner and
District Magistrate, Belagavi, Karnataka
Off : 0831-2407200 / 2407273 ,
Fax : 0831-2452644 Resi : 2407222
E-mail : deo.belagavi@gmail.com

सन्देश

नि:संदेह हर्ष एवं गौरव का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, चिकोड़ी सत्र 2021-22 हेतु ई-**विद्यालय पत्रिका एवं राजभाषा पत्रिका** का प्रकाशन कर रहा है | वक्ता के कौशल को निखारने के लिए मंच का जितना महत्त्व होता है, उतना ही महत्त्व नव बाल साहित्यकारों के लिए विद्यालय पत्रिका का होता है |

बच्चे प्रतिभा के धनी तथा कल्पना शक्ति के स्रोत होते हैं | कल्पना के आलोक से उद्भासित विचार वल्लरी अपनी आभा से साहित्य जगत को आलोकित करती है, सृजनात्मक शक्ति ने कल्पना-प्रसूत विचारबीजों को अंकुरित कर शब्दों को आकार दिया, शब्दों ने कविता, कहानी एवं विचार प्रधान लेख का आकर ग्रहण किया | इन्हीं रचनाओं को प्रकाशित कर विद्यालय पत्रिका इन्हें चिरस्थाई बनाने का अनुपम कार्य करती है |

आशान्वित हूँ कि अपनी रचनाओं को विद्यालय पत्रिका में प्रकशित हुआ देखकर बाल मन हर्षित, पुलकित और उत्साहित होगा | ई-**विद्यालय पत्रिका एवं राजभाषा पत्रिका** के प्रकाशन हेतु सतत प्रयासरत प्राचार्य महोदय, सम्पादक मंडल एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाइयाँ एवं धन्यवाद |

धन्यवाद !
जय हिन्द !

एम.जी.हिरेमठ, आई.ए.एस.
अध्यक्ष, वि.प्र.स,के.वि.चिकोड़ी एवं
जिलाधिकारी, जिला बेलगावी

सहायक आयुक्त महोदय का सन्देश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

ಕೇಂದ್ರೀಯ ವಿದ್ಯಾಲಯ ಸಂಘಟನೆ (ಕ್ಷೇತ್ರೀಯ ಕಾರ್ಯಾಲಯ)
ಕೆ. ಕಾಮರಾಜ ರಸ್ತೆ, ಬೆಂಗಳೂರು-560 042
केंद्रीय विद्यालय संगठन (क्षेत्रीय कार्यालय)
के. कामराज मार्ग, बेंगलूरु - ५६००४२
Kendriya Vidyalaya Sangathan (Regional Office)
K. Kamraja Road, Bengaluru - 560042
(An Autonomous Body Under MOE, Government of India)
080-25543757 (DC)/ 080-25566360/ 25301227 (AC/AO)
Fax: 080-25578487/25514054
Website: www.robangalore.kvs.gov.in
Email: dcrobangalore@kvsedu.org/dcrobangalore@gmail.com

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि केंद्रीय विद्यालय, चिकोड़ी अपनी 'ई-विद्यालय पत्रिका एवं राजभाषा पत्रिका' वर्ष 2021-22 का प्रकाशन करने जा रहा है| विद्यालय पत्रिका एक शैक्षणिक वर्ष की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण है, जिसके माध्यम से विद्यालय की विशेषताओं एवं उपलब्धियों को जानने का अवसर मिलता है ।

पत्रिका के संपादन में विद्यालय के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है| इसमें प्रकाशित होने वाले लेख, कविता, कहानी तथा अन्य रोचक रचनाओं का समावेश विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया जाता है| अत: बच्चों की प्रतिभा को निखारने का यह एक अच्छा माध्यम है|

मैं, पत्रिका के सम्पादन से जुड़े प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकों एवं विशेषरूप से छात्रों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके अथक प्रयासों से ई-विद्यालय पत्रिका एवं राजभाषा पत्रिका का सफल प्रकाशन संभव हो पा रहा है । मुझे पूर्ण आशा है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अनुरूप विद्यालय के सभी पाठ्यसहगामी क्रियाओं का यह ई-विद्यालय पत्रिका एवं राजभाषा पत्रिका एक प्रतिदर्श दस्तावेज सिद्ध होगी ।

धन्यवाद
जय हिन्द !

जी.ए. नरसिम्हम

(जी.ए. नरसिम्हम)
सहायक आयुक्त
के.वि.सं, बेंगलुरु संभाग

नामित अध्यक्ष महोदय (के.वि. चिकोड़ी) का सन्देश

ಶ್ರೀ ಯುಕೇಶ್ ಕುಮಾರ್ ಎಸ್. ಭಾ.ಆ.ಸೇ
ಉಪವಿಭಾಗಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಹಾಗೂ
ಉಪವಿಭಾಗದ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳು
ಚಿಕ್ಕೋಡಿ

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ
Government Of Karnataka

Shri.Ukesh Kumar S. IAS
Assistant Commissioner &
Sub Divisional Magistrate Chikodi

No/KV/NCL/2021-22

Date: 9/08/2021

:MESSAGE:

Education aims at the holistic development of the child. Creative writing is an integral part of learning. The school magazine plays a vital role in providing an opportunity of expression to the creative minds and represents aspirations of the children.

With the world becoming more and more digital, people have moved to internet for almost every form of knowledge sharing. In the changing times, it gives me immense pleasure to launch **the E-Magazine for the session 2021-22 for Kendriya Vidyalaya, Chikodi**.

The platform provided by this magazine will definitely become a stepping stone in developing the personalities and realising the dreams of our beloved children.

I congratulate the Principal, teachers and students who have immensely contributed to this magazine and wish them very best for their future endeavors.

Ukesh Kumar S. IAS
Chairman Nominee, VMC KV
Asst. Commissioner & SDM, Chikodi

प्राचार्य महोदय का सन्देश

☎ 08338-273777/273477

ಕೇಂದ್ರೀಯ ವಿದ್ಯಾಲಯ, ಚಿಕ್ಕೋಡಿ-೫೯೧೨೦೧
केंद्रीय विद्यालय, चिकोडी-591201
KENDRIYA VIDYALAYA, MLA GOVT MODEL SCHOOL BUILDING CHIKODI-591201
E-mail:-kvchikodi@gmail.com website:-https//:chikodi.kvs.ac.in

K V Code: 2301	Station Code:789	Region Code:02	Zone Code:05
Zone: South	CBSE Affiliation No. 800045	DISE Code 29300518310	

सन्देश !

जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ |
मैं बावरी डूबन डरी, रही किनारे बैठ ||

ऐसा ही कुछ प्रयास इस पत्रिका के माध्यम से मोतियों जैसी विलक्षण प्रतिभाओं को ढूँढ़ने का किया गया है और भविष्य में प्रतिभाओं को पल्लवित एवं पुष्पित होने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया है | प्रयास रहा है कि अनछुए पहलुओं को मुख्य धारा मैं समाहित किया जाए | आशा है विधाओं का मेल एवं भाषाओं का संगम पाठकों के लिए आकर्षण का प्रमुख कारण सिद्ध होगा |

मैं हृदय की गहराइयों से जिलाधीश, बेलगावी एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष परम आदरणीय **श्री एम. जी. हिरेमठ, भा.प्र.से.** तथा आदरणीय सहायक आयुक्त एवं विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष **श्री युकेश कुमार, भा.प्र.से.** का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनका सहयोग एवं मार्गदर्शन हमें सदैव मिलता रहा है |

मैं हृदयंगम भावनाओं से केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बेंगलुरु संभाग के परम सम्मानीय उपायुक्त महोदय, **श्री सिरिमाला साबन्ना जी** तथा माननीय सहायक आयुक्त **डॉ. एन. बसंत जी, श्री नरसिम्हम जी एवं श्री पी.सी.राजू जी** को सहर्ष धन्यवाद देता हूँ जिनके सतत निर्देशन एवं सहयोग से केन्द्रीय विद्यालय, चिकोड़ी **ई-विद्यालय पत्रिका** का संपादन करने में सफल रहा है |

मैं अंत में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पत्रिका सम्पादन समिति के सदस्यों को नियत समय पर पत्रिका प्रकाशन हेतु धन्यवाद देता हूँ |

जय हिन्द !
धन्यवाद !

डी.के. मिश्रा
प्राचार्य प्रभारी
केन्द्रीय विद्यालय, चिकोड़ी

संपादक की कलम से

विचारों के प्रकाश से गुंफित,
ज्ञान के आकाश तक विस्तृत |
छात्रों की प्रतिभा से चित्रित,
'विद्यालय पत्रिका है' गाथा समुचित |

प्रिय पाठकों,

यह विद्यालय ई-पत्रिका आप सभी पाठकों के सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है | ई-विद्यालय पत्रिका का यह नवीन अंक छात्रों की क्षमताओं,योग्यताओं को उभार कर उनमें अंतर्निहित मौलिक गुणों को बाहर निकालकर आप तक पुनः प्रस्तुत है | छात्रों की उन्मुक्तता, उनके विकास, हास-परिहास, आंतरिक सृजन,एकांत गुणों का नवीन चिंतन, बाल मन के विश्वास, आशा और अनुराग की जीवंत अभिव्यक्ति का चित्रण है यह पत्रिका |

रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहा था कि हमारी अभिलाषाएँ जीवन रूपी भाप को इन्द्रधनुष के रंग देती है | जीवन की इसी रसात्मक अभिव्यक्ति का नाम साहित्य है | जिसमें मानवीय संस्कृति, मूल्यों, सभ्यता एवं व्यक्तित्व की प्रस्तुति है | जिस तरह इन्द्रधनुष की सतरंगी आभा विस्मित एवं चकित करती है उसी तरह नवसृजनकर्त्ताओं की साहित्यिक कृतियों का यह सतरंगी अंक लेखों, कविताओं, कहानियों के नवसृजन से मानवीय भावनाओं और संवेदनाओं से निश्चित ही पाठकों का मन मोह लेगा |

विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन के सहयोग के लिए तमाम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष हाथों का आभार | आगामी वर्ष में नवीन प्रयोगों,रचनाओं व विचारों के साथ मिलने की आस में .....

प्रधान संपादक
सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)

संपादक मण्डल

श्री सोहन लाल प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिन्दी	हिन्दी विभाग
श्री पुष्पेन्द्र बेनीवाल प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संस्कृत	संस्कृत विभाग
श्री राजेश अशोक पटले प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक अंग्रेजी	अंग्रेजी विभाग
श्रीमती महक महाजन प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक अंग्रेजी	अंग्रेजी विभाग
श्री सुरेन्द्र कुमार प्राथमिक शिक्षक	चित्रकला विभाग
श्री सोहन लाल प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिन्दी	डिज़ाइन एवं संग्रंथन

ABOUT VIDYALAYA

- KendriyaVidyalayaChikodi was established on 22nd June 2015 and is known among the premier educational institutions in the city. K V Chikodi is located in the heart of the city. Nestling among the hillocks and sylvan surroundings,
- Besides providing high class environment to students with the help of experienced and caring teachers, it gives opportunity to excel in the field of academics, sports, co-curricular activities, scouts- guides, inter school competitions etc.

SCHOOL ACHIEVEMENT 2020-21

OUR VIDHARTHI VIGYAN MANTHAN (VVM) ACHIEVERS -2020

Miss. LAXMI SANTOSH KONNURI
(Class X)
Rank 1, (Belgaum District)

Miss.SHRADDHA R GANACHARYA
(Class X)
Rank 3, (Belgaum District)

Miss. SPOORTI SADASHIV KUMBAR
(Class IX)
Rank 3, (Belgaum District)

Miss.BHAKTI SHIVAKUMAR HANJI
(Class IX)
Rank 3, (Belgaum District)

परीक्षा परिणाम सत्र : 2020-21

SCHOOL LEVEL EXAMS		Session 2020-21
Class	No. of Students	Pass %
I	78	100
II	82	100
III	85	100
IV	84	100
V	88	100
VI	87	100
VII	84	100
VIII	76	100
IX	77	100
BOARD (CBSE) LEVEL EXAMS		Session 2020-21
X	43	100

HIGH ACHIEVERS - CLASS Xth (ACADEMIC YEAR: 2020-21)

Miss.LAXMI S. KONNURI

Miss. BHAKTI BHOSALE

Miss. TANVI P.N.

Miss. SHRADDHA GANACHARYA

Miss.SHRUNGA CHAJAGANNAVAR

INSPIRE-MANAK AWARD 2020-21

कुमारी स्पूर्ति सदाशिव कुम्भार

नवीं कक्षा

वाद-विवाद प्रतियोगिता

पारस , नवीं कक्षा

के. वि. स. द्वारा आयोजित 'स्कूली शिक्षा बनाम ऑनलाइन शिक्षा' वाद- विवाद प्रतियोगिता में कलस्टर लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त करके संभाग स्तर पर सहभागिता निभाई |

E.B.S.B ACTVITIES OF PARTNERING STATE UTTARAKHAND

Uttarakhand folk song by Nisarga Praveenkumar Patil
CLASS – X 'A'

Proverbs in Kumaoni language by Shraddha V. Gore
CLASS – X 'A'

Quiz on Partnering state Uttarkhand by Paras Dada Koganole, CLASS – X 'B'

News on Partnering state Uttarakhand by Swati Ravindra Bhirade , CLASS – IX 'B'

Pledge on Water saving by Spoorti Sadashiv Kumbar, CLASS – X'A'

Pledge on swachhata by Bhakt S. Hanji, CLASS – X 'A'


BHAGIRATHI
GANGA
ALAKNANDA
DEVPRAYAG





I# Cheer4India

फिट इण्डिया सप्ताह

KENDRIYA VIDYALAYA CHIKODI
CELEBRATES
FIT INDIA SCHOOL WEEK
FIT INDIA SCHOOL
FIT INDIA
For Better Life
FITNESS KA DOSE, AADHA GHANTA ROZ
DATE: 09 to 11 Dec 2020 & 14 to 16 Dec 2020

Fit India Sc


READING IS TO MIND WHAT EXERCISE IS TO THE BODY.
DISHA KADAPATTI

Fit Indi

on By Students Of KV Chikodi

FITNESS WEEK CELEBRATION
FIT INDIA
MENTAL
Fitness
Paras IX'B'
Kendriya Vidyalaya Chikodi

KENDRIYA VIDYALAY
CHIKODI
TITLE
BRAIN GAME
5X5
NAME SAMEEKSHA TOTIGER
CLASS IV th A
ROLL NO-14

योग दिवस

KENDRIYA VIDYALAYA CHIKODI

INTERNATIONAL DAY
OF YOGA
CELEBRATION-21-6-21

OF YOGA
CELEBRATION-21-6-21

केन्द्रीय विद्यालय चिकोड़ी का नया विद्यालय परिसर

Observation of Online classes by Principal







ONLINE SCIENCE CLASSES ON GOOGLE MEET

STUDENTS' RESPONSES IN ONLINE CLASSES



8TH ARTIFICIAL INTELLIGENT ONLINE CLASS

STUDENTS' RESPONSES



VIRTUAL SCIENCE EXHIBITION 2020



हिन्दी विषय ऑनलाइन शिक्षण



एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला

हिन्दी टंकण परीक्षा



कार्यशाला की कक्षा



उद्बोधन

कार्यशाला सहभागी

कार्यानुभव विषय (WE) ऑनलाइन शिक्षण





A VIRTUAL CLASS ROOM FOR LEARNING MUSIC



GOLDON ARROW BADGE REGISTRATION - 2021

VINIT

ABHINAV

SAMARTH

NETRA

SANVI

PARVATHY

हिन्दी विभाग



ये बच्चे नन्द–कुमार से (कविता)

सरस्वती के प्रांगण में,
ये बच्चे नन्द–कुमार से।
छोटे–छोटे थैलों वाले,
आते हैं लाड–दुलार से।।

प्रांगण में ये चहक हैं उठते,
बाल–पुष्प जैसे महक हैं उठते।
प्रात वन्दना में ये शिशुगण,
उठते राग अलापते।।
ये बच्चे नन्द–कुमार से.....

जब क्रीडांगण में ये बालक,
आते उत्स मनावते।
तरू–पवन–नभ और दिवाकर,
नचते गाते चाब से।।
ये बच्चे नन्द–कुमार से.....

सेवारथ जब हो विदा यहाँ से,
होते तर भाव–विभोर से।
लेते जब अंतिम विदा यहाँ से,
गुरुगण के चरण पखारते।।
ये बच्चे नन्द–कुमार से.....

पुष्पेन्द्र बेनीवाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(संस्कृत)

देहाती दुनिया

शहर की दुनिया को छोड़ मुझे गाँव जाने दो।
इस अजनबी भीड़ को छोड़ अपनों के पास जाने दो।
जहाँ रहता है देश का कर्णधार, पालनहार,
मेरा जी करता है उनसे मिलने को बार-बार।

कितना खेलते , कूदते थे गाँव के चौगानों में ,
जिंदगी कैद हो गई है अब शहर के अट्टारी मकानों में।
बेपटरी दौड़ती जिंदगी से हो गया हूँ परेशान मैं,
फिर भी पटरी पर दौड़ रहा हूँ अकेला गुमनाम मैं।

जहाँ चलती है हवाएँ बादलों को चूम-चूमकर,
जी वहीं जाने को कर रहा है झूम-झूमकर।
अब पंखों की गर्म हवा से वो झोपड़ा याद आता है,
शहर में श्वांस रूकती है तो गाँव याद आता है।

ट्रैफिक जाम में चारों और फँसे जा रहा हूँ मैं,
ऐसा लग रहा है कि पागलखाने में जा रहा हूँ मैं।
पगडण्डी पर अनवरत चलने को जी कह रहा है,
सोते-जागते भी नादान-सा मन वहीं घूम रहा है।

सुबह - शाम लेता था बड़े बूढ़ों का आशीर्वाद,
अब हाय - हेल्लो से दिन गुजार लेता हूँ।
आज भी खूब आती है देहाती दुनिया की याद,
फिर भी सिरफिरे मन को मार लेता हूँ।

सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(हिन्दी)

कोरोना की मार

सन 2020(दो हजार बीस) में ईश्वर/कुदरत ने किया कैसा ये प्रहार ?
बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, पड़ी सब पर कोरोना की मार।

सबसे पहले चीन, जाने कहाँ से ये 'वायरस' लाया ?
'कोविड-19' बोल के, सन 2020 में विश्वभर में आतंक फ़ैलाया।

धीरे धीरे ही सही, कोविड-19 विषाणू ने भारत मे भी अपना विस्तार किया।
कई महीने के बाद, भारत ने भी कोरोना जानलेना है यह स्वीकार किया।

एक शिक्षक के नाते, इसका हमपर भी दूरगामी परिणाम हुआ।
लॉक डाउन, आइसोलेशन, क्वारन्टीन, वर्क फ्रॉम होम जैसे नए नए संबोधो से मेलमिलाप हुआ।

विद्यालय को लग गए ताले (सिर्फ छात्रों के लिए..)
छात्र हो गए घर मे क़ैद।
बिना मास्क के बाहर जाना, माना जाने लगा अवैध।

अब शिक्षण, पढ़ाई, दीक्षा, कैसे हो छात्रों की..?
पड गए सबके माथे पर बल।

लेकिन जल्द ही 'केंद्रीय विद्यालय संघटन' ने ढूंढ़ निकाला इसका हल।
बच्चे पढेंगे अब ऑनलाइन,
पढ़ाई को नही होने देंगे साइड लाइन।

तब से हर दिन अब, ऑनलाइन ही कक्षायें होती है।
पढ़ाना ऑनलाइन, समझाना ऑनलाइन, ऑनलाइन ही परीक्षाएं होती है।

इस कोरोना काल में भी, बच्चों से मिल रहा है अपार स्नेह और सहयोग।
दिखते तो हर दिन दुरभाष पटल पर।
फिर भी न जाने कैसा है ये वियोग..?

इस 'ऑनलाइन शिक्षण' से हो रहा समय का सदुपयोग।
धन्यवाद केंद्रीय विद्यालय संघटन, किया जिन्होंने ये 'ऑनलाइन शिक्षा' का अभिनव प्रयोग।

राजेश अशोक पटले
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(अंग्रेजी)

' चलते - चलते '

चहूँ दिशा में सब बिखरा सा,
ना जाने हमने क्या समेटा,
आज भी बीता कल बितेगा,
इस धरा पर सब तिनका सा,
डगर - डगर में तितर - बितर है,
चलते - चलते सब दिख जाता,
चलते - चलते सब मिल जाता।

एक अंश तनिक हम जान ना पाए,
तो क्या जहां पर काबू पाए,
सब बस अपना बिगुल बजाते,
जीवन का मर्म जान ना पाते,
चलते - चलते सब रह जाता,
कुछ किसी के हाथ ना आता,
चलते - चलते सब मिट जाता,
बंद करे हम क्या मुट्ठी में,
कल को किसने पास से देखा,
तो क्या नश्वर का लेखा जोखा,
चलते - चलते सब रह जाता,
चलते - चलते सब मिल जाता।

रिसव कुमार टंडन
प्राथमिक शिक्षक

एक मौका

एक मौका दे दो मुझको भी, जीवन में आगे बढ़ना है |
सात समुद्र पार जाकर मुझे अंधकारों से भी लड़ना है ||
एक मौका दे दो मुझको भी,मेरी भी कुछ अभिलाषा है |
जीवन की कुछ उम्मीदें और कुछ कर पाने की आशा है ||

एक मौका दे दो मुझको भी,कुरीतियों से लड़ना है |
समानता और सशक्तिकरण का प्रचार मुझको करना है ||
एक मौका दे दो मुझको भी,तो क्या हुआ मैं नारी हूँ |
तुम थामो बस एक पल हाथ मेरा फिर देखो कितनों पर भारी हूँ ||

एक मौका दे दो मुझको भी,अब समय परिवर्तन का आया है |
नारी जीवन के उत्थान का गीत तो अब महापुरुषों ने भी गाया हैं ||
एक मौका दे दो मुझको भी,फिर न मैं कुछ चाहूँगी |
तुम सबकी महानता के गुण सदियों तक मैं गाऊँगी ||

एक मौका दे दो मुझको भी,बस एक मौके की तलाश मुझे |

इस सुंदर सी सृष्टि में नहीं, बनना चलती फिरती लाश मुझे ||
एक मौका दे दो मुझको भी.....

विकास
प्राथमिक शिक्षक

व्यक्ति पहले आया था, सिक्का बाद में, क्रमागत उन्नति का नियम कहता

कि सिक्के ढलने थे

व्यक्ति-अनुरूप, एक-मुखी,

पर अस्तित्व में था एक दूसरा नियम भी,

धात्वीय चुंबकत्व,

नियम नियम को काटते गये, और व्यक्ति सिक्कों सा ढलता

गया, द्वि-मुखी!

रोहित चौधरी
प्राथमिक शिक्षक

मेरी कविता

आज कक्षा में यह नोटिस आया,
मैडम ने यह फरमाया।
झट-पट से एक कविता लिखा ला,
विद्यालय पत्रिका में उसको छपवा।

मुझको कविता लिखना नहीं है आता,
सोच-सोच कर मन पछताया।
घर जाकर पापा को पकड़ा,
शोर मचाया कर लिया झगड़ा।

पास बैठाकर उनसे बोला,
मुझे लिखवा दो एक कविता।
उसको लेकर दौड़ा आया
मैडम को जल्दी दिखलाया।

उसे देखकर सब हर्षाए,
सबको मेरा गीत सुनाए।
लिख नहीं सकता, फिर लिख लाया,
मैडम ने भी लाड़ लड़ाया।

इशुराज
कक्षा - नवीं 'ब'

परीक्षा आई

मार्च महीना जब-जब आया |
अपने साथ परीक्षा लाया |
टाइम टेबल बच्चे पाते |
घर में आके शोर मचाते ||

मैडम को दोषी ठहराते,
दिन भर करते हाथा-पाई |
कहते नहीं होती पढाई
जैस-तैसे जाग जागकर ||

इधर-उधर से भाग भागकर
पुस्तकों के कीड़े बन जाते |
दो दिन में ही सब रट जाते
पेपर करते आधे सोकर ||

थके थके से आड़े होकर
परीक्षा से छुटकारा पाकर
क्या गलत है सब भूल जाते
मार्च का पहला दिन जब आता
मन फिर रह-रहकर घबराता
जैसे-तैसे रिजल्ट वे पाते
खुश होते और घर को जाते||

अद्विका गुरव
कक्षा: दसवी 'ब'

मेरा केंद्रीय विद्यालय

तू ही है हम सबकी शान,

तुझ पर है हम सब कुर्बान,

तेरा सब करते गुणगान,

तेरा सब करते सम्मान,

सबसे अच्छा सबसे प्यारा,

ऐसा है विद्यालय हमारा।

केंद्रीय विद्यालय तुझे प्रणाम,

तू ही है हम सबकी शान।

शिक्षक यहाँ के बड़े बुद्धिमान,

जो देते हैं हमको ज्ञान।

प्राचार्य यहाँ की बड़ी उदार,

जो रखती है हमारा ख्याल।

यहाँ से पढ़कर हम बने महान,

कहलाएंगे अच्छे इंसान,

केंद्रीय विद्यालय ,तुझे प्रणाम,

तू ही है हम सबकी शान।

स्पूर्ति मनगूली

कक्षा-चौथी 'अ'

आओ मिलकर पेड़ लगाए

आओ मिलकर पेड़ लगायें
आओ मिलकर पेड़ लगायें
हरा भरा ये देश बनायें
वातावरण को स्वच्छ बनायें |
इस जीवन को स्वस्थ बनायें
पेड़ को कोई काट ना पाये
जंगल अब ना घट पायें |
मिलकर हम कसम ये खायें
आओ मिलकर पेड़ लगायें
पेड़ है देते प्राण वायु
जीवन इनसे हो दीर्घायु |
खुद समझे, दूसरों को बतायें
आओ मिलकर पेड़ लगायें |
हर एक का फर्ज है बनता
कम से कम एक पेड़ लगायें
पल पल बढ़ता प्रदूषण पर
आओ मिलकर पेड़ लगायें
हरा भरा ये देश बनायें |

समृद्धि कागे

कक्षा: दसवी 'अ'

कोरोना गीत

यार मित्र निकट नहीं आवे, कोरोना जब नाम सुनावे
इनके नाम की बाजे डंका इनको नहीं किसी काल की चिंता
मन्दिर, मस्जिद और गुरुद्वारे बंद पड़े तेरे खौफ के मारे
जिस देश मे ये है जाते, वो देश खाली हो जाते
जहाँ भी जाते सब डर जाते सब के सब घर में छिप जाते
इनसे कापे सभी नर नारी हो ना जाये ये बीमारी
गलती से छिकी आ जाए पूरी एरिया खाली हो जाए
खाँसी , जुकाम इनके छोटे भ्राता लक्षण ऐसे ही दिखलाता
ठंढा मौषम इन्हे अति प्यारा, जिसमे फैले तेज बीमारी
इंशा से इंशा में जाता फिर ऐसे बढ़ते ही जाता
आओ इनको दूर भगाये भीड़ – भांड से सदा बचाए
जहा भी जाये मास्क लगाये हाथ धोये बिन कुछ ना खाए
आओ निभाए जिम्मेदारी इससे बचने की तैयारी



संस्कृति स. पीरप्पगोळ
कक्षा : सातवी ‘अ’

बचपन

कहां गई वो अमीरी
जब पानी में हमारे भी जहाज तैरते थे ,

कहां गई वो शौकत
जब हवा में हमारे भी विमान उड़ते थे ,

कहां गए वो उत्सव
जहां हम बिना बुलाए मेहमान बन जाते थे ,

कहां गए वो खेल
जहां से हम रोज चोट खाकर जाते थे ,

याद करके उन लम्हों को
एक मुस्कान आ जाते है ,

बचपन तुझे बोलने को
एक ज्वाला-सी उठ जाती है,

वो दौड़ने को तैयार है खाने से इंकार
झलकते बचपन की मीनार,

तुझे याद करके फिर बचपन
मैं बच्चा बन जाता हूं ,

आसमान में उड़ जाने की
लालसा पर मुस्काता हूं

तितली के साथ उड़ने को
फिर रह-रह जाता हूं ,

बचपन तुझे बुलाने को
फिर तड़प कर रह जाता हूं

गगन में तुझ संग उड़ जाने को
फिर बच्चा बन जाता हूं।



दीपांशु यादव
कक्षा-आठवीं 'अ'

कोरोना महामारी

वो दिन भी क्या दिन थे
जब हम बारिश में भीगा करते थे
मस्ती और मौज से धूम धाम मचाते थे
घूमने को बे झिझक जाते थे

पर आ गया अब कोरोन महामारी
पड़ गया संकट हम पे भारी
दूर हुए सब यार और यारी
कब तक रहेगा ये कष्ट जारी

कोरोना की वजह से ना जा सकते बाहर
सब काम हो रहे घर के अंदर
कब होगा बंद ये ऑनलाइन ऑनलाइन का खेल
दो साल से पड़े घर में लग रहा जेल

शिक्षा भी ऑनलाइन हो रहा है
खेल भी ऑनलाइन हो रहा है
बच्चों के हाथ में मोबाइल आ रहे हैं
छोटे सारे खेल कूद भूल रहे हैं

ये संकट कम हो जाए यही है दुआ
सपने आते विद्यालय शुरू हुआ
फिर से हुआ ऑफलाइन ऑफलाइन का खेल शुरू
फिर से देखे हम अपने यार और गुरु

अनुराग तंगडी
कक्षा-दसवीं 'अ'

ताजमहल

भारत में बहुत से विदेशी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं, क्योंकि भारत में बहुत से घूमने के पर्यटक स्थल है। जैसे लाल किला, क़ुतुब मीनार, सूर्य मंदिर आदि। इसके अलावा यहां पर हर राज्य में बहुत ही ऐतिहासिक स्थल भी हैं, परंतु भारत की शान बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान ताजमहल का है।

ताजमहल भारत में आगरा शहर में यमुना नदी के किनारे पर बना हुआ एक सफेद संगमरमर का मकबरा है। यह मकबरा 1632 मे मुमताज की याद में मुगल बादशाह शाहजहां ने बनवाया था। यहां पर स्वयं शाहजहां का भी मकबरा बना हुआ है।

ताजमहल का निर्माण 1643 में हुआ था, लेकिन और भी कार्य होने के कारण यहां पर 10 साल तक काम लगा था। ताजमहल के निर्माण में 1653 में लगभग 32 मिलीयन रुपए लग चुके थे। आज उसकी कीमत 70 बिलियन रुपए तक है।

ताजमहल को 1983 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामांकित किया गया। यह एक मुगल वास्तुकला का शानदार उदाहरण है और आज यह इतिहास का प्रतीक माना जाता है। यह दुनिया भर के लोगों को अपनी और आकर्षित करता है, इसे 2000 में दुनिया के सात अजूबों में शामिल कर दिया गया था।

ताजमहल का निर्माण

ताजमहल को शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज के याद में 1631 में बनवाया था। जिसकी उस वर्ष 17 जून को मृत्यु हो चुकी थी, जबकी उनकी 14 संताने थी। ताजमहल का निर्माण 1643 मे पूरा हुआ, परंतु 5 साल इसके आसपास की जगह को बनाने में लग गए। ताजमहल एक प्रेम कहानी का प्रतीक

प्रथमेश, पांचवी 'ब'

मेरी नानी

मेरी नानी बड़ी प्यारी,
अम्मी से ज्यादा प्यारी,
हर वक्त ख्याल रखते हमारा,
हर तरह से ध्यान रखते हमारा,
रूठे तो फौरन मनाए .
चोरी से पैसे दिए.
बोले अम्मी से छुपा कर वापस आजा कुछ चटपटा खा कर,
पढ़ाई में जब ध्यान ना लगे नानी बोले आ मैं सिखाऊं अच्छी अच्छी कहानी सुनाकर
अच्छे-अच्छे बातें बता कर पढ़ने में हमारी मदद है करते नानी हमारे बड़े प्यारे गुरु
अम्मी का हर फर्ज निभाते
इनका ज्ञान बड़ा निराला इनकी सोच बड़ी निराली कहते हमेशा करो भगवान.. को याद
इस कोरोना काल में बड़ी फिक्र करते
हमेशा वायरस को डांट डपट दे
नानी कहते चल आजा वायरस मासूम बच्चों सुधार जा
इन छुट्टी में हमें खूब खिलाएं हर चीज का मजा कराए
मुझे है अम्मी से बढ़कर प्यार क्योंकि नानी देती हमें अच्छे संस्कार
अल्लाह ऐसे नानी सबको दे उनकी उम्र बहुत बड़ा दे
हम रखेंगे हमेशा उनका ख्याल
हमेशा मनाएंगे उनके साथ धमाल
हम बच्चों की आप हैं ढाल वरना हो जाता हमारा बेहाल
अच्छी नानी प्यारी नानी जग में सबसे प्यारी नानी

मोहम्मद इहतेशाम
कक्षा- छठी 'अ'

विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का महत्त्व

जीवन में लक्ष्य तक पहुंचने तक अपने मन में भटकाव न आने देना ही एकाग्रता कहलाती हैं। जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए Mind Concentration का बड़ा महत्व है। जीवन में किसी भी बड़े व्यक्ति के जीवन को उठाकर देखें तो उन्होंने जीवन में एकाग्रता को बनाए रखा है। जब हम खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल, आईएएस टोपर नंदिता के आर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हैं तो स्वयं को ऊर्जावान और आत्मविश्वास से भरा महसूस करते हैं न और मन करता है कि हम भी उनके जैसे कामयाब बन जाए कोई भी कार्य या लक्ष्य मुश्किल नहीं होता हैं।

हर कार्य चाहे कितना भी कठिन हो, उसे एकाग्रता से सरल बनाया जा सकता है। कोलंबस नई दुनिया की खोज इसलिए कर पाया क्योंकि उसने दो दशक से भी अधिक समय तक अपनी एकाग्रता को समुद्री अभियान पर केन्द्रित कर लिया था।

दिव्यांग होते हुए भी एवरेस्ट विजेता अरुणिमा सिन्हा, प्रशासनिक अधिकारी इरा सिंघल पूरी दुनिया को अपनी कामयाबी से इसलिए चकित कर पाए, क्योंकि उन्होंने एकाग्रता से अपने लक्ष्य को जीवन का उद्देश्य बना दिया विदयार्थी जीवन से ही एकाग्रता की आदत डाल लेनी चाहिए। एकाग्रता भी एक आदत है। यह एक ऐसी आदत है जो पूरी उम्र आदमी को सुख और कामयाबी देती हैं।

पौराणिक काल से ही एकाग्रता के महत्व पर बल दिया जाता रहा है। जब कौरव और पांडव गुरुकुल में पढ़ते थे तो उनके गुरु भी उन्हें एकाग्रता का पाठ पढ़ाते थे। आपको वह कहानी तो याद है न जब एक दिन गुरु द्रोण ने पेड़ पर लकड़ी की चिड़िया रखकर सभी शिष्यों

को उस पर निशाना साधने के लिए कहा था। निशाना लगाने से पहले उन्होंने सबसे पूछा था कि तुम्हे पेड़ पर क्या दिखाई देता है? अनेक शिष्यों ने उत्तर दिया कि उन्हें पेड़ पत्तियां, चिड़ियाँ आदि दिखाई देते हैं। अंत में उन्होंने अर्जुन से पूछा तुम्हें क्या दिखाई देता है, अर्जुन बोले- गुरुजी मुझे तो केवल चिड़ियों की आँख दिखाई देती हैं। आँख पर एकाग्रता केन्द्रित करने के कारण अर्जुन ने उस पर सही निशाना लगाया और यही कारण था कि वे महान धनुर्धर बन पाए। स्वामी विवेकानंद जी बेहद एकाय थे। उनकी एकाग्रता इतनी चमत्कारित होती कि वे एक बार में पूरी पुस्तक पढ़ लेते थे। उनसे पढ़ा गया किसी भी पस्तक से प्रश्न पुछने पर जवाब के साथ जवाब कौन सी पृष्ठ पर मिलेगा यह भी बताते थे। जब वे एकाग्रता की राह पर थे तो उन्होंने कहा था कि अगर मेरा दुबारा जन्म हो तो मैं केवल एकयता की शक्ति विकसित करुगा।

जब व्यक्ति कार्य के प्रति एकाय हो जाता है तो वह मनोयोग के साथ उसे करता है एकाग्रता के साथ काम करने से बहुत सारे लाभ होते हैं। यदि आप मान लगाकर पढ़ते हैं तो परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास होते हैं। किसी भी काम को एकाग्रता के साथ किया जाए तो उसमें असाधारण सफलता मिलती है। एकाग्रता के साथ काम करने से तनाव और बिमारी भी दूर रहते हैं, क्योंकि एकाग्र व्यक्ति अपने कार्य को पूरा करने में तन मन से लगा रहता है। आप भी आज से ही एकाग्रता को अपनी आदत बना लीजिए और जीवन में सुंदर सुंदर रंग बिखेरिये।

एकाग्रता सफलता का जादू।

पारस १० वी 'ब

विद्यार्थी के पाँच गुण

काक चेष्टा, बको ध्यानं,

स्वान निद्रा तथैव च ।

अल्पहारी, गृहत्यागी,

विद्यार्थी पंच लक्षणं ।

एक विद्यार्थी मे यह पांच लक्षण होने चाहिए...

कौवे की तरह जानने की चेष्टा,

बगुले की तरह ध्यान,

कुत्ते की तरह सोना ,

अल्पाहारी, आवश्यकतानुसार खाने वाला

और गृह-त्यागी होना चाहिए ।

संस्कृति स. पीरप्पगोळ

कक्षा : सातवी 'अ'

चाँद की बात

मैं उस चाँद की बात नहीं करता

जो सूरज के छिपने के बाद नजर आता है।

मैं उस चाँद की भी बात नहीं करता

जो दो दिन में ही ढल जाता है।

मैं तो उस चाँद की बात करता हूँ

जो सदियों गुजरने के बाद भी नजर आता है।

संस्कार स. पीरप्पगोळ

कक्षा : ४ 'अ'

सुविचार

*शिक्षा का उद्देश्य है एक खाली दिमाग को खुले दिमाग में परिवर्तित करना|

*एक शिक्षक दरवाजा खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजा के अन्दर प्रवेश आपको खुद ही करना है|

*शिखर तक पहुँचने के लिए ताकत चाहिए, चाहे वो माउंट एवेरेस्ट शिखर हो या कोई दूसरा लक्ष|

*कोई लक्ष न होने की दिक्कत यह है की आप अपनी जिंदगी के मैदान में इधर-उदर दौड़ते हुए बिता देंगे पर एक भी गोल नहीं कर पाएंगे|

*कल से सीखे, आज में जिए, कल के लिए उम्मीद रखे जरुरी यह है की प्रश्न करना मत छोड़िये|

*जीवन मिलना भाग्य की बात है, मृत्यु होना समय की बात है| परन्तु मृत्यु के बाद भी लोगो के दिल में बने रहना, ये जीते जी किये गए कर्मो की बात है|

*दूसरो की मदद के लिए किया गया त्याग व्यक्ति को निर्मल बनाता है| कर भला तो हो भला अंता भला तो सब भला|

*सुख शांति चाहते हो तो दूसरों की निंदा करने की आदत छोड़ कर दूसरों को सुख शांति देने की आदत आपना लो|

अद्विका गुरव

कक्षा: दसवी 'ब'

बाढ एक प्राकृतिक आपत्ति

'बाढ़' इस शब्द से अब इतनी नफरत होने लगी है, कि लगता है इस शब्द को दोबारा न सुनू . बाढ को मैंने अपने सामने से देखा है और इस का अनुभव भी मुझे है. अनेक वर्षों से हमारे क्षेत्र में बाढ की परिस्थिति निर्मित हो रही है. इस कारण लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है. कई लोगों की जानें जाती हैं, कई लोग बेघर हो जाते हैं. हमारे यहाँ ज्यादातर खेत नदी के किनारे पर होते हैं, इस कारण बाढ आने पर खेतों में जो फसल होती है वो पानी में डूबकर पूरी तरह से नष्ट हो जाती है. लोग कहते हैं बारह महीनों का कष्ट ,दस - बारह दिनों में खत्म हो जाता है. इसलिए जो लोग सिर्फ खेती पर निर्भर रहते हैं, उनका बहुत सारा नुकसान होता है. हमारे आस पास के गाँव पूरी तरह से पानी मे होते हैं. बाढ आने पर लोग अपने घर का सारा सामान उठाकर अपने रिश्तेदारों के यहाँ चल पडते है. पशुओं की तो इंसानों से भी ज्यादा बूरी हालत है. कई लोग अपने साथ अपने पशूओं को भी ले जाते हैं तो कई लोग उन्हें छोड़ जाते हैं और इस कारण जानवर पानी मे डूबकर मर जाते हैं. अंत मै ये ही कहना चाहूंगा कि बाढ की परिस्थिति बहुत भयंकर होती है. और बाढ क्या है ये तब तक समझ में नहीं आता जब तक पानी अपने दरवाजे पर नहीं आये.

आशीष कागवाड़े

कक्षा- दसवीं 'अ'

मेरा भारत

भारत मेरा प्यारा देश,
सब देशों से न्यारा देश ।
हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई,
मिलकर रहते सिख-ईसाई।
भारत प्यारा देश हमारा।।

सारे जग से शान निराली,
कण-कण में छाई हरियाली।
गंगा -यमुना इसकी शान,
जग में इसकी संस्कृति महान।
भारत प्यारा देश हमारा।।

आदर्श संजय मड्डे
छठी 'अ'

तितली रानी

तितली रानी तितली रानी।
कितनी प्यारी कितनी सयानी।
रंग बिरंगे पंख सजीले।
लाल गुलाबी नीले पीले।
फूल फूल पर जाती हो।
गुनगुन गुनगुन गाती हो।
कली कली पर मंडराती हो।
मीठा मीठा रस पीकर उठ जाती हो।
अपने कोमल पंख दिखाती।
सबको उनसे है सहलाती।
तितली रानी तितली रानी।
कितनी सुन्दर तितली रानी,
इस बगिया में आना रानी।
तितली रानी तितली रानी।

श्रावन्या
दूसरी 'अ'

पापा कहते थे कि

बचपन की याद से

लेकर जवानी के ख़्वाब को

सिमेंट लगी उस फाउंडेशन

वाली दीवार पर उतार देते हैं

पापा कहते थे कि कुछ लोग एक ही

घर में ज़िन्दगी गुज़ार लेते हैं

शिव कुमार

दसवीं 'अ'

जिंदगी...



छोटी सी है जिंदगी ,

हर बात में खुश रहो...

जो चेहरा पास न हो, व

उसकी तसवीर से खुश रहो...

कोई रूठा हो तो,

उसके अदांज मे खुश रहो...

कल किसने देखा हैं,

अपने आज में खुश रहो...

प्रिया दिवटे

कक्षा - दसवीं 'ब'

हिम्मत रख

कुछ करना है, तो डटकर चल।
थोडा दुनिया से हटकर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते हैं।
कभी इतिहास को पलटकर चल।
बिना काम के मुकाम कैसा?
बिना मेहनत के , दाम कैसा?
जब तक ना हासिल हो मंजिल,
तो राह में आराम कैसा?
अर्जुन सा निशाना रख।
मन में ना कोई बहाना रख।
लक्ष्य सामने है, बस उसी पे अपना ठिकाना रख।
सोच मत, साकार कर।
अपने कर्मों से प्यार कर।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल।
किसी और का ना इंतजार कर।
जो चले थे अकेले उनके पीछे आज मेले हैं,
जो करते रहे इंतजार उनकी,
जिंदगी में आज भी झमेले हैं।

मान्यता मुदिगौडा
कक्षा- दशमी ब

हम और कोरोना



हर घर में यही नारा है,
कोरोना को हराना है।
इसने कैसा चक्कर चलाया,
बडे बडों को घर में बैठाया।
अब इसको भी भगाना है,
फिर से घूमने जाना है।
थाली से सब्जी गायब,
मुंह से पान और मावा गायब।
महंगा दौर जामाना है,
फिरसे पनीर-पापड खाना है।
हर घर में यही नारा है,
कोरोना को हराना है।

नेत्रा नितीन कुदले
कक्षा- तीसरी ब

गोकाक

जो घटप्रभा नदी पर स्थित है

नाम उसका गोकाक जल प्रपात है।

मेरी सबसे मन मोह लेने वाला झरना।

हमेशा बारिश के मौसम में पानी से भरना।



तेरे ऊपर एक झूलता पुल है।

जो ब्रिटिश सरकार के दौरान बनाया है।

और गोकाक की मिठाई

जो करदंट कहलाती है।

जिसमें मेवे होते हैं।

और खाने योग्य गोंद आदि भी होता है।

अनुष्का कल्याणशेट्टी

कक्षा- अष्टमी अ



हर पल है जिंदगी का उम्मीदों से भरा

हर पल है जिंदगी का उम्मीदों से भरा,
हर पल को बाहों में अपनी भरा करो,
किस्तों में मत जिया करो।
सपनों का है ऊंचा आसमान,
उडान लंबी भरा करो,
गिर जाओ तुम कभी,
फिर से खुद उठा करो।
हर दिन में एक पूरी उम्र,
जी भर के तुम जिया करो,
किस्तों में मत जिया करो।
आए जो गम के बादल कभी,
हौसला तुम रखा करो,
हो चाहे मुश्किल कई, मुस्कान तुम बिखेरा करो।
हिम्मत से अपनी तुम,
वक्त की करवट बदला करो,
जिंदा हो जब तक तुम,
जिंदगी का साथ ना छोडा करो,
किस्तों मे मत जिया करो।
थोडा पाने की चाह में,
सब कुछ अपना ना खोया करो,
औरों की सुनते हो
कुछ अपने मन की भी किया करो,
लगा के अपनों को गले, गैरों के संग भी हंसा करो,
किस्तों में मत जिया करो।
मिले जहाँ जब भी जो खुशी,
फैला के दामन बटोरा करो,
जीने का हो अगर नशा,
हर घूंट में जिंदगी को पिया करो,
किस्तों में मत जिया करो।

शिफा नदाफ
कक्षा- दशमी ब

पिता दिवस

जीवन में जरूरी है नदी की मिठास
जितनी जरूरी है जीवन में हमारे
नदी की मिठास उतना ही जरूरी है
समुद्र- सा खारापान भी।

आसान नहीं है बनना सागर
सागर बनने के लिए चाहिए
विशालता, गहराई और
सबको आत्मसात करने का गुण।

माना कि मौन रहकर सागर
समाहित कर लेता है स्वयं में
उसकी ओर आने वाली हर नदी को
पर नदियों ने समझा
दर्द सागर का।



उफनता और सिमटता भी है
यदि वह तो केवल
प्रयोजन होता है उसका
स्वयं में औरों को मिलाने का।

सागर के ये सारे गुण होते है एक पिता में
और मिलने वाली नदियाँ होती हैं
उसकी वे विभिन्न भावनाएं जो देती हैं
मिलकर विस्तार अपने परिवार को
जहाँ से चलता है सृष्टि का विधान।

हाँ, यह अलग बात है
नहीं सुहाता है उसका खारापन
लगती हैं नदियाँ ही मीठी पर सोचो जरा
सागर भी जाए यदि मीठा
तो क्या सुरक्षित उसका परिवार
रह पायेगा सकुशल?

इसलिए कहती हूँ जितनी जरूरी है
जीवन में हमारे नदी का मिठास
उतना ही जरूरी है समुद्र-सा खारापन।

समृद्धि कागे
कक्षा- दशमी अ

आंबोली घाट

आंबोली घाट ये पञ्चिम घाट है | आंबोली घाट ये एक विश्व विविधता का प्रसिद्ध स्थल का छोटासा हिस्सा है| वर्षा ऋतु के दोरान यहा का झरना बहुत खूब सुरत लगता है | हम वंहा जा कर सभी जगह का आनंद ले लिये हैं | वह का माहोल इतना अच्छा ओर थंड था की वहासे वापिस ना आने का मन था | वह घनघोर झाडिया है | ओर छोटे ,बडे झरने भी है | वो निसर्ग आपनेपन का एहेसास दिलाता है | मुझे बहुत अच्छा लगा ,बहुत मजा आ गया. | ओ सफर ओर ओ दिन में कभी नहीं भुल सकती |



भुवन
दूसरी 'अ'

मेरे प्यारे प्यारे पापा,
मेरे दिल में रहते पापा,
मेरी छोटी सी ख़ुशी के लिए,
सब कुछ सेह जाते हैं पापा,
पूरी करते हर मेरी इच्छा,
उनके जैसा नहीं कोई अच्छा,
मम्मी मेरी जब भी डांटे,
मुझे दुलारते मेरे पापा,
मेरे प्यारे प्यारे पापा।,

कृति
दूसरी 'ब'

एक मछुआरे की कहानी

एक समुद्र के किनारे एक मछुआरा रहता था | वह हर रोज़ मछली पकड़ता था | वो बहुत परेशान रहता था क्यूंकि वहां बहुत सारे मछुआरे थे उसकी वजह से इसके द्वारा पकड़ी हुई मछलियों को सही दाम नहीं मिलता था | ये बाकी मछुआरों से काफी अलग था ‘ बाकी सब सुबह मछली पकड़ते थे और ये रात में| ये हर रोज़ रात को मछली पकड़ता था “ और ऐसे ही एक दिन ये रात को मछली पकड़ने लग गया, वो घंटो बैठा रहा लेकिन एक भी मछली उसके जाल मे नहीं फंसी बस छोटे छोटे पत्थर फंस रहे थे | वह आखरी बार कोशिश करने वाला था और उसने झाल पैखी और कीचा और इस बार भी पत्तर निकले तो वो सोच मे पढ़ गया और समुद्र के किनारे बैठ के झाल मे पसे पत्तरों को समुद्र मे फकने लगा और वही पर सो गया, सुबह उठ कर देखा और वो चौक गया क्यूंकि जो उसके मछली के झाल मे छोटे – छोटे पत्तर पसे थे वो पत्तर नहीं बल्कि बेश किंती मोती थे |

यह कहानी से ये सीख मिलती है की --- हम कॉपी भार ज़िन्दगी मे आने वाले मुश्किलों को देख कर ज़िन्दगी मे कामियाब होने वाले रास्तो को अनदेखा कर देते है और अपने हाथ से मौका गवा देते है, हमें कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचा होगा तभी हम अपने ज़िन्दगी मे सही फैसला ले सकें।

सुमित रेंटे

कक्षा- दसवीं ‘ब’

कृष्णा नदी

नदी दक्षिण भारत की एक महत्त्वपूर्ण नदी है, इसका उद्गम महाराष्ट्र राज्य में महाबलेश्वर के समीप पश्चिमी घाट श्रृंखला से होता है, जो भारत के पश्चिमी समुद्र तट से अधिक दूर नहीं है। यह पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है और फिर सामान्यत: दक्षिण-पूर्वी दिशा में सांगली से होते हुए कर्नाटकराज्य सीमा की ओर बहती है। यहाँ पहुँचकर यह नदी पूर्व की ओर मुड़ जाती है और अनियमित गति से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्य से होकर बहती है। अब यह दक्षिण-पूर्व व फिर पूर्वोत्तर दिशा में घूम जाती है और इसके बाद पूर्व में विजयवाड़ा में अपने डेल्टा शीर्ष की ओर बहती है। यहाँ से लगभग 1,290 किमी की दूरी तय करके यह बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। कृष्णा के पास बड़ा और बहुत उपजाऊ डेल्टा है, जो पूर्वोत्तर में गोदावरी नदी क्षेत्र की ओर आगे बढ़ता जाता है।



प्रणव

कक्षा - तीसरी 'अ'

संस्कृत विभाग



विना वेदं विना गीतं, विनां रामायणीं कथां।

विना संस्कृतभाषां च भारतं भारतं नहि।।

भारतीयसंस्कृतेः मुख्याधारः संस्कृतमेव अस्ति। संस्कृत विश्वस्य प्राचीनतमा भाषा, समस्त भारतीय भाषाणां जननी अपि संस्कतमेव अस्ति। अद्य सम्पूर्णविश्वे संस्कृतस्य महत्त्वम् चर्चा श्रूयते। संस्कृतमेव संपूर्णविश्वे अतीव वैज्ञानिका भाषा अस्ति। वैश्रानिकाः कथयन्ति यत् संस्कृतभाषा एव संगणकस्य कृते सर्वोत्तमा भाषा। अस्मिन् भाषायाम् संगणकस्य कूटविधि (कोडिंग) सर्वश्रेष्ठं भविष्यति।

'ई-विद्यालय पत्रिका २०२१-२२' इति केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी क्षेत्रस्य अस्यो संचिकायां संस्कृतभाषायाः विविधवर्णाः प्रस्तूयन्ते। विद्यालयस्य संस्कृतछात्राणां एषः यत्किंचित् प्रयासः। कोरोना महारोगप्रसारणकाले छात्राः संचिकायाः कृते प्रयासं कृतवन्तः अतः तेषां कृते धन्यवादर्याः। यद्यपि नास्ति एताः रचनाः मूलतः बालकानां तथापि तेषां संस्कृतानुरागः अस्माभिः अभिनन्दनीयः। पाठकाः अस्माकं भारतवर्षस्य गौरवभूतायाः संस्कृतभाषायाः रचनाः पठित्वा आनन्दिता भविष्यन्ति इति मन्ये।

धन्यवादः।

पुष्पेन्द्र बेनीवाल

